पटरी से उतरा शहडोल- नागपुर एक्सप्रेस का डिब्बा

नैनपुर के समीप हुआ हादसा, सभी यात्री सुरक्षित

सिवनी नवभारत। शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का सबसे अंतिम हिस्सा यानी ब्रेकवान शुक्रवार, 13 मार्च दोपहर 12:30 बजे अचानक पटरी से उतर गया. इस हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. यह ट्रेन सिवनी-शहडोल से नागपुर की ओर जा रही थी. यह हादसा नैनपुर-केवलारी के हुआ है.

यात्रियों में मचा हड़कंप

जानकारी के अनुसार, नैनपुर से केवलारी के बीच ट्रेन के पहिये अचानक पटरी से नीचे उतर गए. पटरी से उतरते ही ट्रेन में तेज झटका महसूस हुआ, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के आला अधिकारी और तकनीकी टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई. ट्रेन को वापस पटरी पर लाने और मार्ग को सुचारू करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जा रहा है। घटना में एक महिला यात्री को मामूली चोट आई, जिसे मौके पर मौजूद डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान कर दिया गया।

मौके पर पहुंची टीम

घटना स्थल पर प्रशासनिक अधिकारी, रेलवे कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा पुलिस बल मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रेलवे द्वारा मामले की जांच भी की जा रही है।

सांसद ने रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की 30 लाख की सांसद निधि

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू जहां छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिलों में मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान देकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत करवा रहे है वहीं अपनी सांसद निधि से भी विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू साहू के प्रयासों से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से करोड़ों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाकर प्रारंभ भी किए जा चुके है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू साहू ने मंडल अध्यक्षों की अनुशंसा पर 19 रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्य के लिए अपनी सांसद निधि से 30 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। सांसद बंटी विवेक साहू ने विभिन्न 19 रंगमंचों सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख की राशि स्वीकृत की है।

जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के ग्राम घोरावाड़ी के सरपंच दिल्ली में हुये सम्मानित

नवभारत छिंदवाड़ा. देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में 11 मार्च को विज्ञान भवन नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अन्तर्गत जल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिले के लिए हर्ष का विषय है कि इस जल महोत्सव में छिन्दवाड़ा जिले के चौरई विकासखण्ड के ग्राम घोरावाड़ी के सरपंच श्री अलब सिंह सनोड़िया को उत्कृष्ट जल नेतृत्व सरपंच सम्मान/ जल प्रबंधन प्रेरणा सरपंच सम्मान से सम्मानित करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रशंसा प्रत्र प्रदान किया गया है ।

यह सम्मान उन्हें जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नल जल योजना के सफल संचालन, संधारण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। ग्राम घोरावाड़ी के सरपंच अलब सिंह सनोड़िया को प्रशंसा पत्र मिलने पर कलेक्टर हरेंद्र नारायन, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छिन्दवाड़ा सुधांशु जैन और सहायक यंत्री चौरई सुश्री सीता मरकाम सहित संबंधित अधिकारियों तथा क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

एक नजर में

पंचम दिवस : भक्तों ने कथा श्रवण कर शिव विवाह का आनंद मनाया

छिंदवाड़ा. बाबा भोलेनाथ की असीम अनुकंपा से श्री शिव महापुराण कथा, का आज पंचम दिवस पूर्ण हुआ जिसमें कथा व्यास, आचार्य डॉक्टर कन्हैया शर्मा (काशी) के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तों ने कथा श्रवण कर शिव विवाह का आनंद मनाया, एवं आचार्य के द्वारा 1000, रुद्राक्ष का अर्चन कर रुद्राक्ष वितरण किया गया । श्री शिव महापुराण कथा को आयोजित करने वाले साहू मोहल्ला प्रियदर्शनी कॉलोनी छिंदवाड़ा के भक्त गण हैं ।यह कथा प्रियदर्शनी कॉलोनी में 09 मार्च से प्रारंभ हुई हैं ओर यह 18 मार्च को पूर्ण होगा ।

मुनमुन ने प्रदेशाध्यक्ष के निवास पहुंच जताई शोक संवेदना

सिवनी। सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निवास पहुंचकर उनकी सुपुत्री के असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निज निवास बैतूल पहुंचकर उनकी सुपुत्री के असामयिक निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त किया। तथा पुष्पांजलि अर्पित कर ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को यह अपार कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना किया।

तीन साल से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में फरार आरोपियो की धरपकड हेतु अभियान चलाकर थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से त्वरित कार्यवाही की जा रही है। 13.03.26 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थायी वारंटी मायाराम उइके सब्जी मार्केट सिवनी में घूम रहा है। जो तत्काल टीम भेजकर आरोपी स्थायी वारंटी मायाराम पिता सुकल उइके उम्र 36 साल निवासी गोरखपुर थाना बंडोल जिला सिवनी को गिरफ्तार किया गया। जो आरोपी मायाराम के विरूध्द थाना बंडोल के अतिरिक्त थाना छपारा एवं थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर में स्थायी वारंट लंबित है। स्थायी वारंटी का नाम मायाराम पिता सुकल उइके उम्र 36 साल निवासी गोरखपुर थाना बंडोल जिला सिवनी सराहनीय कार्य : थाना प्रभारी उ.नि. मनोज जंघेला, प्र.आर. जयेन्द्र बघेल, प्र. आर. नौशाद खैरो, म.आर. रूकमणी डेहरिया, प्रायवेट चालक राजेश बघेल का योगदान रहा।

आज़ कन्या योजना में 100 जोड़ों का सामुहिक विवाह,

छपारा। नगर के सिंचाई कालोनी स्थित खेल मैदान में आयोजित होने वाले जनपद पंचायत छपारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत 100 जोड़ों का पूर्व निर्धारित तारीख 14 मार्च दिन शनिवार को सुबह 9:00 बजे से आरंभ होगा जिसमें आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं परिवार के सदस्यों द्वारा वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान करेंगे उक्त कार्यक्रम को लेकर विगत दो दिनों से जनपद पंचायत कार्यालय छपारा के अधिकारी सहित जनपद पंचायत का अमला तैयारियों में जुटे हुए हैं।

3 मरीजों को मिली 1 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री श्री यादव के द्वारा मरीजों को प्रतिमाह लाखों रूपयों की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। विगत दिनों तीन मरीजों के परिजनों ने लोकसभा सत्र और असम दौरे के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू से मोबाईज पर संपर्क करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। उक्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था।

उल्लेखनिय है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर बिमारी के लिए आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। वर्तमान में सांसद श्री साहू के प्रयासों से 3 मरीजों को 1 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है।

घरेलू गैस संकट को लेकर कांग्रेस सेवादल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कालाबाजारी रोकने की मांग

नवभारत छिंदवाड़ा. जिलेभर में घरेलू गैस सिलेंडर की भारी कमी और कालाबाजारी के खिलाफ जिला कांग्रेस सेवादल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की। सेवादल पदाधिकारियों ने कहा कि गैस एजेंसियों के सामने आम उपभोक्ता घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं

इसके बावजूद उन्हें समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है।ज्ञापन में बताया गया कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों में

अफरा-तफरी और आक्रोश का माहौल है। कई स्थानों पर गैस सिलेंडर निर्धारित कीमत से अधिक दामों पर बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसे तत्काल बंद कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।इस संबंध में कांग्रेस सेवादल प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी गंगा कुमरे से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तथा जल्द से जल्द गैस संकट का निवारण करने और जिलेभर में पर्याप्त गैस उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।कांग्रेस सेवादल ने जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग से आग्रह किया कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले , जिला कांग्रेस सेवादल प्रभारी राकेश मरकाम , जिला महिला सेवादल अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान , नगर अध्यक्ष बलराम सिंह चौहान , यंग ब्रिगेड विधानसभा अध्यक्ष संजय पप्पू पाल , आईटी सेल जिला अध्यक्ष इंजी. आशीष पाल , पश्चिमी उपब्लॉक अध्यक्ष सुरेश भावे रमाकांत सतनकर,कुंदन सिंह अहिरवार , वीरेंद्र सिंह परमार , कमलेश कुमार , महिला उपाध्यक्ष सिंधु यादव सहित कांग्रेस सेवादल, महिला सेवादल एवं यंग ब्रिगेड के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैडमिंटन संघ ने किया महिला विभूतियों का सम्मान

छिंदवाड़ा . विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए जिले सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में जिला बैडमिंटन संघ द्वारा किया गया । बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया कि शिक्षा ,संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा व खेल कूद में योगदान देने वाली विशिष्ट महिला डॉ माया भट्टाचार्य छत्तीसगढ़, डॉ विजया यादव,श्रीमती सरिता पांडे आधार फाउंडेशन,डॉ दीप्ति जैन,श्रीमती स्वेता घई पाटनी,श्रीमती नीलम जंघेला, श्रीमती अमृता माइकल,विनीता नेटी को सम्मानित किया गया ।इसी तारतम्य में बैडमिंटन खेल में अर्जित उपलब्धियो के लिए समीक्षा कड़ू, साक्षी कराजगाओकर,तनिष्का विश्वकर्मा, महिमा यादव,ऋतिका जैन,अदिति बघेल, लक्ष्मी मार्को,समृद्धि अहिरवार, जान्हवी विश्वकर्मा, संचारिका यादव,खुशी मालवीय, अंकिता वंदेवार, मन्नत,परी, सुजाता व अंकिता सभी को सम्मानित किया गया साथ मे खेल में महिला खिलाड़ियों के पालकगण को भी सम्मानित किया गया इस ।कार्यक्रम का संचालन जावेद खान द्वारा किया गया.

भाजपा जिला उपाध्यक्ष बताए कि उन्हें सच्चाई नजर क्यों नहीं आ रही है : पटेल

प्रदेश में 32 हजार स्कूल बंद, डेढ़ लाख शिक्षकों को परीक्षा देनी है जिसका विरोध स्वयं शिक्षक कर रहे

नवभारत छिंदवाड़ा. सच्चाई से भागने वाले और जिन्हें हमेशा ही सच भी झूठ ही नजर आता है, उन्हें भ्रमित कहते हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष झूठ की बुनियाद पर खड़े होकर कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का झूठा आरोप लगाकर स्वयं मिथ्या के कटघरे में खड़े हैं।

वे सर्वप्रथम सार्वजनिक रूप से जनता को यह बताए कि उन्हें उनकी ही सरकार के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों पर क्यों भरोसा नहीं है ? यह प्रश्न यहां इसीलिये जायज है, क्योंकि उन्हें उनकी ही सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में बंद हुए 32 हजार स्कूलों का आंकड़ा गलत लग रहा, यानि उनकी सरकार में सरकारी विभागों के द्वारा जारी किए जा रहे आंकड़ों पर भी उन्होंने प्रश्न खड़ा किया है। उक्त उदगार युवक कांग्रेस अध्यक्ष गोलू पटेल ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए व्यक्त किए हैं।

श्री पटेल ने जारी बयान में आगे कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है। कांग्रेस ने सतत रूप से भाजपा जनहित में सवाल किए हैं कि भाजपा के केन्द्रीय मंत्री एपस्टीन फाईल्स जैसे जघन्य अपराध में शामिल है क्यों जवाब आज तक नहीं मिला। मक्का का समर्थन मूल्य आज तक नहीं बताएं क्यों नहीं दिया? भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में एक ओर शून्य और दूसरी ओर 18 प्रतिशत टैक्स ऐसा क्यों? जवाब नहींज्हालिया बयान में कहा था रसोई गैस भरपूर है फिर किल्लत और दामों में वृद्धि क्यों? भाजपा जवाब नहीं दे पाई। अब भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने झूठ का परिचय देते हुए कहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षकों की परीक्षा ली जा रही। तो वह स्वयं बताएं कि क्या विगत 22 वर्षों की सरकार में शिक्षा गुणवत्ताहीन थीजनिम्न स्तरीय व घटिया थी? इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार करें और यह भी बताएं कि उनकी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अब तक केवल झूठे प्रचार किए अब गुणवत्ता सुधारने पर काम किया जा रहा है। प्रदेश के डेढ़ लाख शिक्षक परीक्षा का विरोध करते हुए न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे, अगर उन्हें यह भ्रम और झूठ लग रहा तो वह शिक्षकों के बीच आकर यह बात कहें।

32 हजार से अधिक स्कूल बंद तो फिर योजना का लाभ कहां दे रहे-

जारी बयान में उन्होंने आगे कहा कि भाजपा जिला उपाध्यक्ष से मेरा सीधा प्रश्न है कि प्रदेश भर के 32 हजार से अधिक शासकीय स्कूल बंद हुए हैं। यह आंकड़ा प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड में भी दर्ज है। शासकीय स्कूल बंद, शासकीय स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या कम तो जिन शासकीय योजनाओं का ढिंढोरा पीट रहे उसका लाभ कहां और किन बच्चों को दिया जा रहा। योजनाओं से बच्चों को लाभांवित होना एक अलग विषय है। स्कूल बंद होना और शिक्षकों को परीक्षा के लिए बाध्य करना एवं उन्हें रोजगार से निकाला जाना अलग विषय है। अगर वे यह बात भी नहीं समझ पाए तो साफ है कि वे राजनीति बयानबाजी से ऊपर नहीं उठ रहे हैं। इसीलिये उन्हें प्रत्येक जनहित के मुद्दे भ्रम और झूठ नजर आते है।

चांद कालेज में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का भव्य उद्घाटन

नवभारत छिंदवाड़ा. शासकीय महाविद्यालय चांद में भारतीय शास्त्र परंपरा पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रमुख अतिथि बतौर बोलते हुए राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरू प्रो. आई. पी. त्रिपाठी ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण ही सतत जीवन की कुंजी है। प्रमुख स्त्रोत वक्ता मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर के लोक प्रशासन विषय के प्रो. सुरेन्द्र कटारिया ने कहा कि प्राचीन व नवीन का समन्वय ही सतत जीवन की कुंजी है। भारतीय शास्त्र परम्परा भारत के प्राचीन गौरव को पुन: स्थापित करना है। जैव विविधता संरक्षण की मानव लअस्तित्व के हितार्थ सार्वभौमिक सार्वकालिक और सार्वजनिक उपता है। उदय प्रताप कॉलेज काशी विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र के प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि भारतीय शास्त्र परंपरा में जीवन प्रबंधन के अकूत खजाने हैं, जिनका दोहन ही आधुनिक शिक्षा के स्वरूप में क्रांतिकारी परिवर्तन कर सकता है। समारोह अध्यक्ष रमेश दुबे ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वक्त के साथ मनुष्य में आई खामियों को खूबियों में तब्दील करने की युक्तियां समाहित हैं। चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में आश्चर्यचकित करने वाले जीवन जीने के सूत्र हैं, जिनका दोहन किया जाना समय की मांग है। प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि भारतीय शास्त्र परंपरा में जो जीवन मूल्य हैं, वे सार्वभौमिक सार्वकालिक और सार्वजनिक उपयोगिता के हैं।

एकल अभियान के कुबेर सूर्यवंशी अंचल अध्यक्ष एवं सुश्री अराधना शुक्ला महिला समिति अध्यक्ष चुनी गई

छिंदवाड़ा। एकल अभियान के तहत सर्व सम्मति से जनपद पंचायत सदस्य कुबेरसिंग (सोनू) सूर्यवंशी को अंचल अध्यक्ष एवं महिला समिति अध्यक्ष सुश्री अराधना शुक्ला को चुना गया।

एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा के तहत जिले में पिछले कई वर्षो से कार्यरत है। वर्तमान में 244 जिले में चल रहे है। आगामी वर्ष में समिति ने जिले में 15 संच 450 विद्यालय करने का निर्णय लिया है। बैठक में गोविन्द चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, पूरन राजलानी, प्रशान्त नन्दनवार, अजीत सूर्यवंशी, शांति पटेल, रितेश पाण्डे, श्रीमती अमृता पाण्डे, ओमदेव शास्त्री, शंकर चौरसिया, विनय वाजपेयी, मनोज सोनी, सोहन विश्वकर्मा, ललित डेहरिया, राजकुमार उईके, सुरेश चन्द्रवंशी, माया नागवंशी, पूजा बुनकर, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा मध्य प्रदेश एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

(अधिसूचना)

कमांक /835297/ भू-अर्जन /2026 **छिन्दवाड़ा, दिनाँक 23/02/2026**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में उल्लेखित वर्णित भूमि के अनुसूची खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकृत अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-12 में दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

2. मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग, वल्लभ भवन ।।।, डी विंग प्रथम तल मंत्रालय, भोपाल के आदेश पत्र क्र. एफ-31-06/2020 / सत्ताईस एक भोपाल, दिनांक 06 अगस्त 2021 के द्वारा योजना के प्राक्कलन की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है।

3. अतएव उपरोक्त के दृष्टिगत आवेदक विभाग द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 (2) के अन्तर्गत सिंचाई परियोजनाओं की बाबत जहाँ तत्समय प्रवृत किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रकिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबन्ध लागू नहीं होगें। अत: अधिनियम की धारा-6 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन से छूट प्रदान की जाकर अधिनियम की धारा-11 (3) के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है। **4.** इस संबंध में राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उपरोक्त भूमि के अधिग्रहण किये जाने के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-15 के उपबंध उक्त भूमियों के संबंध में लागू होगें।

1. भूमि का वर्णन:-

अनुसूची

जिला	तहसील	नगर/ग्राम	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	भूमि अर्जन. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
1	2	3	4	5	6
छिन्दवाड़ा	तामिया	ग्राम-नजरपुर कामठी, प.ह.न-07 ब.न.-89 रा.नि.मं-देलाखारी	रकबा-247.002 हेक्टेयर एवं उपरोक्त भूमि पर आने वाली परिसंपत्तियां।	भू-अर्जन अधिकारी तहसील-जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाडा	दुधी परियोजना के अंतर्गत दुधी बांध से डूब प्रभावित ग्राम की निजी भूमि का अधिग्रहण किये जाने के संबंध में

2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई व्यक्ति अधि-सूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.chhindwara.nic.in एवं म0प्र0 शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाईट http://www.mprevenue.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है। **3.** अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) छिंदवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा के न्यायालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है। **4.** अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसील जुन्नारदेव जिला छिन्दवाडा (म0प्र0) के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखा जा सकता है। **5.** अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शा प्लान एवं प्रकरण का निरीक्षण कार्यपालन यंत्री, रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग क0 2 गोटेगांव, जिला-नरसिंहपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है। **6.** अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शा प्लान एवं प्रकरण का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर बांयी तट नहर अनुविभाग बगासपुर, तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है। **7.** अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई व्यक्ति अधि-सूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भू-अर्जन किये जाने के संबंध में आक्षेप लिखित रूप से कलेक्टर छिन्दवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

Digitally signed Harendra Narayan Date: 23-02-2026 00:55:08

(हरेन्द्र नारायन) कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G-27189/25

ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि और नई लाइनों से किसानों को हो रही बेहतर बिजली आपूर्ति

नवभारत छिंदवाड़ा. मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

इसी क्रम में छिंदवाड़ा जिले में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, नए ट्रांसफार्मर स्थापना तथा विद्युत लाइनों के विस्तार जैसे कार्य किए जा रहे हैं, जिनका सीधा लाभ किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं

को मिल रहा है। जिले में वर्ष 2025-26 की कार्य योजना के अंतर्गत 68 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं तथा 496 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही 33 केवी की 17 किलोमीटर और 11 केवी की 19 किलोमीटर नई विद्युत लाइनों का निर्माण भी किया जा रहा है। इन कार्यों से विद्युत आपूर्ति तंत्र मजबूत होगा और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। अमरवाड़ा संभाग के अंतर्गत कई 33/11 केवी उपकेंद्रों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य भी किया गया है। छुई और सुरलाखापा उपकेंद्रों में 5 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मरों को बढ़ाकर 10 एमवीए किया गया है, जबकि खिरेटी और सिंगोड़ी उपकेंद्रों में 3.15 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मरों को बढ़ाकर 5 एमवीए किया गया है। इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या में सुधार हुआ है और कृषि पंपों को पर्याप्त बिजली मिलने लगी है, जिससे किसानों को सिंचाई में काफी सुविधा मिल रही है।

बिजली व्यवस्था मजबूत होने से किसानों की खेती-किसानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब किसानों को सिंचाई के समय बिजली की कमी की चिंता कम हो गई है और वे अपनी फसलों की बेहतर देखभाल कर पा रहे हैं।

रोशनी खेतों तक पहुंचे तो मेहनत रंग लाती है,

मजबूत बिजली व्यवस्था से ही खेती मुस्कुराती है ।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड का लक्ष्य है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता को और बेहतर बनाया जाए, ताकि किसानों और उपभोक्ताओं को विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा मिल सके और खेती-किसानी को नई मजबूती मिले।